पंचदश बिहार विधान सभा

चतुर्दश सत्र

<u>दैनिक विवरणिका</u>

संख्या-12 सोमवार, दिनांक- 14 जुलाई, 2014 ई० ।

<u>माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।</u>

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.25 बजे अप० तक

[1] <u>प्रश्नोत्तरकाल</u> :-

(i) 17 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 01 तारांकित प्रश्न क्रम सं०-712, समाज कल्याण विभाग को स्थानान्तरित ।

(iii) 02 तारांकित प्रश्न अपृष्ट ।

(iv) 19 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] <u>शून्यकाल</u> :-

शून्यकाल की सूचना अन्तर्गत राज्य के विभिन्न समस्याओं की ओर निम्नांकित माननीय सदस्यों ने सरकार का ध्यान आकृष्ट किया -

(i) श्री अरूण शंकर प्रसाद

(ii) श्री हरि नारायण सिंह

(iii) श्रीमती पूनम देवी यादव

(iv) श्री राजेश्वर राज

(v) श्री दिनेश कुमार सिंह

(vi) श्री ललन राम

(vii) श्री जनक सिंह

(viii) श्री राम नरेश प्रसाद यादव

(ix) डा० इजहार अहमद

[3] <u>ध्यानाकर्षण सूचनाएँ</u> :-

(i) माननीय सदस्य श्री लक्ष्मी नारायण यादव एवं अन्य सभासदों का गन्ना उद्योग विभाग से संबंधित तथा दिनांक 11.07.2014 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय मंत्री, गन्ना उद्योग विभाग द्वारा दिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य श्री विक्रम कुंवर एवं अन्य सभासदों का शिक्षा विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा मा० मंत्री शिक्षा विभाग द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

(iii) माननीय सदस्य श्री अशोक कुमार सिंह एवं अन्य सभासदों का नगर विकास एवं आवास विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा इसके उत्तर के लिए सरकार द्वारा समय लिया गया ।

[4] <u>सभा मेज पर कागजात का रखा जाना</u> :-

(i) माननीय मंत्री शिक्षा विभाग द्वारा पटना विश्वविद्यालय अधिनियम 1976 की धारा-44 के अन्तर्गत पटना विश्वविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2012-13 की प्रति को सभा पटल पर रखा गया ।

(ii) माननीय मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा बिहार अभियंत्रण शिक्षा सेवा नियमावली, 2014 एवं बिहार पोलिटेकनिक शिक्षा नियमावली, 2014 की एक-एक प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

<u>भोजनावकाश के बाद</u>

समय- 2.00 बजे अप० से 5.05 बजे अप० तक ।

[5] <u>वित्तीय कार्य :- वित्तीय वर्ष 2014-15 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों पर वाद-विवाद एवं मतदान</u> :-

माननीय मंत्री श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार द्वारा नगर विकास एवं आवास विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव सदन में प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य श्री अरूण शंकर प्रसाद द्वारा नगर विकास एवं आवास विभाग के अनुदान की मांग पर विचार विमर्श हेतु कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

अनुदान की मांग तथा कटौती प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री संजय सरावगी

(इस अवसर पर माननीय उपाध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

(ii) डा० दाउद अली
(iii) श्री नितिन नवीन
(iv) श्री अखतरूल इस्लाम शाहीन
(v) डा० मो० जावेद
(vi) श्री अरूण मांझी
(vii) श्री सुरेश कुमार शर्मा
(viii) श्री दिनेश कुमार सिंह
(ix) श्री कृष्णनन्दन यादव
(x) श्री जवाहर प्रसाद
(xi) डा० अरूण कुमार
(xii) श्री आलोक रंजन

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

माननीय मंत्री नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा सरकार की ओर से वाद-विवाद का उत्तर दिया गया ।

''सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर भाजपा के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गए ।''

सदन द्वारा माननीय सदस्य श्री अरूण शंकर प्रसाद का कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ तथा नगर विकास एवं आवास विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

[6] <u>निवेदन</u> :-

आसन से घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल 23 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएगें ।

[7] <u>कार्यमंत्रणा समिति का प्रतिवेदन</u> :-

माननीय नेता प्रतिपक्ष द्वारा कार्यमंत्रणा समिति का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया जिस पर सदन की सहमति हुई ।

[8] <u>शोक प्रकाश</u> :-

माननीय अध्यक्ष महोदय ने श्री चन्द्रशेखर सिंह, पूर्व स०वि०स० एवं पूर्व मंत्री के निधन पर शोक प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की चिरशांति एवं शोकाकुल परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की ।

तदुपरांत सभी माननीय सदस्यों ने एक मिनट मौन खड़े होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की ।

माननीय अध्यक्ष महोदय ने निदेश दिया कि शोक संवेदना शोकाकुल परिवार के पास भेज दिए जाए ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक मंगलवार, 15 जुलाई, 2014 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-11.07.2014

हरेराम मुखिया
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।